आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 13.12.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के सिंबल लोगो, एंथम, शुभंकर, टॉर्च और जर्सी 15 दिसंबर को लॉन्च किए जाएंगे।
- देहरादून में चल रही विश्व आयुर्वेद कांग्रेस में आयुर्वेद पर गहन चर्चा और व्याख्यान जारी।
- देश में खुदरा मुद्रास्फीति दर, नवम्बर में पांच दशमलव चार–आठ प्रतिशत हुई।
- हल्द्वानी में हिलांस पहाड़ी स्टोर का शुभारंभ। मोटे अनाज और पहाड़ी उत्पादों की होगी बिक्री।

राष्ट्रीय खेल

प्रदेश में अगले साल 28 जनवरी से होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के सिंबल लोगो, एंथम, शुभंकर, टॉर्च और जर्सी 15 दिसंबर को लॉन्च किए जाएंगे। यह लॉचिंग मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय खेल राज्यमंत्री रक्षा निखिल खडसे और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी.टी. उषा भी मौजूद रहेंगी।

सचिवालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में खेल मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि लॉन्चिंग के बाद टॉर्च को एकता का प्रतीक बनाकर पूरे प्रदेश में घुमाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने राष्ट्रीय खेलों को पहाड़ी जिलों में भी आयोजित करने की योजना बनाई है। प्रदेश में खिलाड़ियों की तैयारी के लिए 42 शिविर चलाए जा रहे हैं, जिनमें एक हजार दो सौ साठ खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसके अलावा, अच्छे कोचों की व्यवस्था करने के लिए विदेशों से भी विशेषज्ञों को बुलाया गया है। खेल मंत्री ने यह भी बताया कि प्रदेश के पारंपरिक खेलों जैसे– योग, मलखंब, राफ्टिंग, कलारीपट्टू आदि को राष्ट्रीय खेलों के मुख्य इवेंट में शामिल करने पर भारतीय ओलंपिक संघ से सकारात्मक चर्चा हो रही है, और इस पर जल्द फैसला हो सकता है।

विश्व आयुर्वेद कांग्रेस – दूसरा दिन

देहरादून के परेड मैदान में आयोजित विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो का आज दूसरा दिन है। इस विश्व स्तरीय कांग्रेस में आयुर्वेद की विभिन्न शाखाओं पर गहन चर्चाएं और व्याख्यान हो रहे हैं। इसमें दुनियाभर से आयुर्वेदाचार्य, चिकित्सक और शोधकर्ता एकत्रित हुए हैं। आज सुबह 9 बजे से साढे बारह बजे तक गंगा हाल में ''न्यू एज संहिता, आयुर्वेदा आहार और एविडेंस बेस्ड आयुर्वेदा'' विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया।

यह सत्र आयुर्वेद की प्राचीन परंपराओं को आधुनिक शोध के साथ जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। आज पूरे दिन आयुर्वेद की विभिन्न शाखाओं पर विशेष सत्र आयोजित होंगे, जिनमें अस्थि रोग, आयुर्वेदा और सार्वजनिक स्वास्थ्य, छाया एवं विकृति विज्ञान, रसायन और वाजीकरण, बाल रोग, रस शास्त्र, द्रव्य गुण और मनोविज्ञान जैसे विषय शामिल हैं।

गिरफ्तारी

उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स ने साइबर धोखाधड़ी के गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो बंद पड़ी बीमा पॉलिसियों को पुनः सक्रिय करने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी कर रहा था। इस मामले में मुख्य आरोपित को नोएडा से गिरफ्तार किया गया है, जिसने 24 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। आरोपी ने कॉल सेंटर के माध्यम से अपनी टीम के साथ मिलकर उन व्यक्तियों को निशाना बनाया जो अपनी बीमा पॉलिसियों को सक्रिय रखने में असमर्थ थे। आरोपी ने आईआरडीएआई, एनपीसीआई और बीमा लोकपाल के नाम का इस्तेमाल कर लोगों को यह विश्वास दिलाया कि उनकी पॉलिसी की राशि वापस कर दी जाएगी। इसके बाद उन्होंने विभिन्न तरीकों से लोगों से पैसे इकट्ठा कर लिए। आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन, 16 सिम कार्ड, आठ टेलीफोन बॉक्स, दो टेलीफोन और एक केंद्रीय बैंक का दस्तावेज बरामद हुआ है।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना,

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत बागेश्वर में 23 महिलाओं को टेलरिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इस योजना के तहत जिले की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम प्रबंधक रश्मि गड़िया ने बताया कि अब तक 16 बैचों में 400 से अधिक प्रशिक्षार्थियों को सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस योजना में प्रशिक्षण के बाद 15 हजार रुपये का टूलकिट और 500 रुपये प्रतिदिन मानदेय भी दिया जाता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

राज्य आपदा मोचन बल के जॉलीग्रांट मुख्यालय में भारतीय बचाव अकादमी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ''मनोवैज्ञानिक देखभाल और ट्रॉमा काउंसलिंग'' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में एसडीआरएफ के 50 जवानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य एसडीआरएफ के जवानों को आपदा प्रबंधन के दौरान मानसिक तनाव और ट्रॉमा से निपटने के लिए सशक्त बनाना था।

खुदरा मुद्रास्फीति

देश में खुदरा मुद्रास्फीति में इस वर्ष नवम्बर महीने में कमी आई है। खुदरा मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के छह दशमलव दो प्रतिशत से घटकर नवम्बर में पांच दशमलव चार–आठ प्रतिशत हो गयी है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यन्वयन मंत्रालय से जारी आंकडों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर पांच दशमलव नौ–पांच प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में चार दशमलव आठ–तीन प्रतिशत रही।

वहीं, देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर इस वर्ष अक्तूबर माह में तीन दशमलव पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यन्वयन मंत्रालय से जारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त माह में मामूली कमी के बाद सितंबर और अक्तूबर में लगातार औद्योगिक उत्पादन बढा है।

हिलांस पहाड़ी स्टोर का शुभारंभ

उत्तराखंड में महिलाओं की आय में इजाफा करने के उद्देश्य से, केंद्र और राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलायी जा रही हैं। इसी कड़ी में नैनीताल के मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडे ने हल्द्वानी में हिलांस पहाड़ी स्टोर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडये ने कहा कि इस स्टोर से हिमालय उत्पाद को नई पहचान मिलेगी।

इस स्टोर में सरकार की ग्रामोत्थान परियोजना के तहत महिलाओं के समूह द्वारा उत्पादित सामान जैसे मोटे अनाज, जूस, जैम, आचार, बैग, और अन्य उत्पाद बिक्री के लिए रखे गए हैं। इसके साथ ही, हिमालयन राशन बैग भी लॉन्च किया गया है, जिसमें मोटे अनाज और पहाड़ी उत्पाद रखे गए हैं। इन उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री भी की जाएगी।

शीतकालीन चारधाम यात्रा

उत्तरकाशी जिले में शीतकालीन चारधाम यात्रा को लेकर उत्साह का माहौल है। यमुनोत्री और गंगोत्री मंदिर समितियों, तीर्थ पुरोहितों और होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने शीतकालीन यात्रा को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की है। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि शीतकालीन यात्रा से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और इससे आर्थिकी को भी बल मिलेगा। उन्होंने बताया कि शीतकालीन यात्रा के प्रचार–प्रसार के लिए विशेष धार्मिक आयोजन और टूर ऑपरेटरों का सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

उद्यमिता विकास प्रशिक्षण

रुद्रप्रयाग जिले में ऊखीमठ विकासखंड की मक्कूमठ ग्रामसभा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बने स्वयं सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं को छह दिवसीय सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक ने बताया कि एनआरएलएम की महिला समूहों को प्रशिक्षण के बाद रोजगार से जोड़ने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर उन्हें स्थानीय स्वरोजगार की संभावनाओं जैसे– माल्टा, नींबू से स्क्वैश, अचार प्रसंस्कृत किए जाने की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि केदारनाथ, मद्महेश्वर, तुंगनाथ और देवरियाताल के अलावा अन्य कई पर्यटक स्थलों में बड़ी संख्या में यात्री आते हैं। यात्रा का मुख्य पड़ाव होने से यहां व्यवसाय की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बाजारों में बेचकर, जहां महिलाओं की आय में वृद्धि होगी, वहीं स्वरोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

वनाग्नि प्रबंधन बैठक

अल्मोड़ा के जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय वनाग्नि प्रबंधन समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि वनाग्नि के अधिकतर मामलों में मानवीय हस्तक्षेप होता है और पीरूल जैसे बायोमास से आग फैलती है। उन्होंने जंगलों में लगने वाली आग की रोकथाम के लिए जनसहभागिता को जरूरी बताया और स्कूलों, महिला मंगल दलों, और ग्रामीणों को वनाग्नि के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को फायर एप का प्रचार–प्रसार करने और जंगलों में आग लगाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।